संख्या- 07/2019/**937**/77-2-2019-1(बजट)/2019

प्रेषक,

डा0 राकेश वर्मा,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
मुद्रण एवं लेखन सामग्री,
उ0प्र0, प्रयागराज।

औद्योगिक विकास अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक : 07 अगस्त, 2019

विषयः- राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज के वेवटेक हाल तथा श्रमहितकारी केन्द्र की छत की मरम्मत एवं वेबटेक हाल की छत पर जाने हेतु सीढ़ी निर्माण, निदेशालय भवन की छत की मरम्मत, सीढ़ी एवं भवन के पश्चित तरफ बरामदे के निर्माण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-बी0एस0जी0-05/बजट/2019-20, दिनांक 14-5-2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा इलाहाबाद सर्किल निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज द्वारा राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज के वेवटेक हाल तथा श्रमहितकारी केन्द्र की छत की मरम्मत एवं वेबटेक हाल की छत पर जाने हेतु सीढ़ी निर्माण के लिए रू0 19.61 लाख तथा निदेशालय भवन की छत की मरम्मत, सीढ़ी एवं भवन के पश्चिम तरफ बरामदे के निर्माण के लिए रू0 26.83 लाख का प्रारम्भिक आगणन वित्तीय स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज के वेवटेक हाल तथा श्रमहितकारी केन्द्र की छत की मरम्मत एवं वेबटेक हाल की छत पर जाने हेतु सीढ़ी निर्माण के लिए प्रस्तावित लागत रू0 19.61 लाख तथा निदेशालय भवन की छत की मरम्मत, सीढ़ी एवं भवन के पश्चिम तरफ बरामदे के निर्माण के लिए रू0 26.83 लाख की लागत अनुमोदित करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में निम्नानुसार धनराशि की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदान करते हैं:-

**(धनराशि लाख रूपये में)**

| **क्र0** | **प्रस्तावित कार्य** | **कार्य की अनुमोदित लागत** | **वित्तीय वर्ष 2019-20 में निर्गत की जा रही धनराशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज के वेवटेक हाल तथा श्रमहितकारी केन्द्र की छत की मरम्मत एवं वेबटेक हाल की छत पर जाने हेतु सीढ़ी निर्माण | 19.61 | 11.27 |
| 2 | निदेशालय भवन की छत की मरम्मत, सीढ़ी एवं भवन के पश्चिम तरफ बरामदे के निर्माण | 26.83 | 26.83 |

(1) उक्त स्वीकृत कार्यो में से उक्त सारिणी के क्रमांक-1 पर उल्लिखित कार्य पर निहित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-10 के अनुदान संख्या-8 *लेखाशीर्षक* ***"4058-लेखन सामग्री तथा मुद्रण पर पूँजीगत परिव्यय 103-सरकारी मुद्रणालय, 03-सरकारी मुद्रणालयों में मशीनों तथा उपकरणों एवं संयंत्र का क्रय 24-वृहद निर्माण कार्य"*** मद में तथा उक्त सारिणी के क्रमांक-2 पर उल्लिखित कार्य पर निहित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-10 के अनुदान संख्या-8 लेखाशीर्षक ***"4058-लेखन सामग्री तथा मुद्रण पर पूँजीगत परिव्यय 103-सरकारी मुद्रणालय- 04- अधिष्ठान (मुख्यालय) मानक मद 24- वृहत निर्माण कार्य"*** मद में प्राविधानित धनराशि में से किया जायेगा।

--2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

(2) कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज द्वारा प्रस्तावित कार्यों को प्रारम्भ करने के पूर्व उस पर सक्षम स्तर से तकनीकी अनुमोदन प्राप्त कर लिया जायेगा।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि निदेशक, मुद्रण द्वारा आहरित कर अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज को नियमानुसार उपलब्ध करायी जायेगी।

(4) निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री प्रयागराज तथा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त कार्यो की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति/द्विरावृत्ति न हो।

(5) निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं मात्राओं को सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज का होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि परियोजना में प्रस्तावित कार्यो को निर्धारित विशिष्टियों/मानको के अनुसार किया जाय तथा सम्पूर्ण कार्य चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में ही दिनांक 31 मार्च, 2020 तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाय।

(6) कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज द्वारा परियोजना में प्रस्तावित कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलबध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज द्वारा निर्गत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन तथा महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज द्वारा उक्त निर्माण कार्यो के लिए स्वीकृत की गयी धनराशि के व्यय में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22-03-2019 में उल्लिखित शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22-03-2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(डा0 राकेश वर्मा)
विशेष सचिव।

संख्या- 07/2019/937(1)/77-2-2019-तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार ( लेखाएवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- कोषाधिकारी, प्रयागराज ।
5- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज ।
6- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज
7- संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज ।
8- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6
9- नियोजन अनुभाग-4
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( बाबू राम )
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in